केंद्र के साथ-साथ चल रही है सरकार

तीन दिनी मप्र उत्सव का भोपाल से वर्चुअली शुभारंभ करते हुए सीएम ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 12 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ने के संकल्प के साथ हम कार्य कर रहे हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन परिसर में 3 दिवसीय मध्यप्रदेश उत्सव का भोपाल से वर्चुअली शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे. उन्होंने सभी को देश के दिल मध्यप्रदेश में आमंत्रित करते हुए कहा कि हम दिल खोलकर आपके स्वागत के लिये तैयार हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि मप्र उत्सव देखने के बाद सभी प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता का वास्तविक आनंद लेने के लिये जरूर मप्र आएंगे. उन्होंने पर्यटकों को महाकाल लोक में दर्शन करने, टाइगर रिजर्व सफारी का आनंद लेने, ओरछा एवं मांडू की आध्यात्मिकता का अनुभव करने के साथ पचमढ़ी के नैसर्गिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिये आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के स्वच्छतम शहर इंदौर की सैर करें और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाएं.

मध्यप्रदेश उत्सव में विशेष

मध्यप्रदेश भवन परिसर में अगले 3 दिनों तक भव्य मप्र उत्सव मनाया जाएगा. इसमें मप्र की कला-संस्कृति, पर्यटन, हस्तशिल्प और खान-पान के स्टॉल लगाये गये हैं. यहां लगी प्रदर्शनियों में प्रदेश की विकास यात्रा, एक जिला-एक उत्पाद और जीआई टैग प्राप्त वस्तुएं देखी जा सकती हैं. वनोपज से तैयार हर्बल उत्पाद भी प्रदर्शित किये गये हैं. अपने साथ लेकर जाइए. मध्यप्रदेश का हस्त शिल्प, कलाकृतियां और विभिन्न अंचलों के स्वादिष्ट व्यंजन इस मेले की यूएसपी हैं। इस उत्सव में मध्यप्रदेश पुलिस बैंड पहली बार प्रस्तुति दे रहा है.

तीर्थ स्थलों में विकसित होगा झाबुआ और धार

सीएम ने समाई में आयोजित श्रीकृष्ण प्रणाली धर्म महोत्सव को वर्चुअली संबोधित किया

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 12 दिसंबर.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धार और झाबुआ में भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों से संबद्ध स्थानों को श्रीकृष्ण पाथेय में शामिल कर तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित किया जायेगा.

उन्होंने झाबुआ के ग्राम समोई में आयोजित श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज झाबुआ-निमाड़ में आनंद बरस रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में भोपाल से वर्चुअली शामिल हुए. समोई में कार्यक्रम स्थल पर संतों के साथ अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, धार-झाबुआ सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. मुख्यमत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अद्भुत रहा है.

आध्यात्मिक एकता का अद्भुत संगम है यह परंपरा

भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानने वाले प्रणामी सम्प्रदाय के द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण प्रणामी महोत्सव सर्वधर्म संभाव और सनातन मूल्यों को आगे बढ़ा रहा है. उन्होंने कहा कि 400 वर्ष पूर्व सद्गुरू देवचन्द्र जी महाराज के द्वारा प्रारंभ किये गये प्रणामी संप्रदाय के लिये वे आज अखण्ड सनातन परंपरा का प्रकाश स्तंभ है. प्रणामी सम्प्रदाय का व्यापक प्रचार-प्रसार प्राणानाथ स्वामी और उनके शिष्य महाराज छत्रसाल ने किया था. प्रणामी संप्रदाय के प्रमुख 3 धामों में से एक धाम पद्मावती पुरी है, जो कि हमारे प्रदेश के पन्ना शहर में है. श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म एक ऐसा मार्ग है, जो कृष्ण भक्ति, आध्यात्मिक ज्ञान और सार्वभौमिक भाईचारे के सिद्धांतों पर आधारित है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह महोत्सव परंपरा, भक्ति, समाज सुधार और आध्यात्मिक एकता का अद्भुत संगम है.

आज 600 बेटियों को मिलेगी टेक्नोलॉजी की सौगात

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में डिजिटल क्रांति
- विजयाराजे कन्या विद्यालय में स्मार्ट क्लास शुभारंभ आज
- कलेक्टर और एमपीआईडीसी निदेशक देंगे सौगात

नवभारत न्यूज

उज्जैन. आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो गए है, इस अवसर पर सीएम की दक्षिण विधानसभा के विजयराजे शासकीय विद्यालय में स्मार्ट क्लासेस का आज शुभारंभ होगा. उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौर समेत प्राचार्य और एचडीएफसी बैंक के अधिकारी कन्याओं को स्मार्ट क्लास की सौगात देंगे.

नवभारत से चर्चा में एचडीएफसी के अधिकारियों ने बताया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिन 25 मार्च को एक संकल्प लिया गया था कि कन्या विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस स्थापित किए जाएंगे. अब एमपी सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर उस प्रोजेक्ट को धरातल पर आज उतारा जा रहा है, जिसमें बेटियां आधुनिक संसाधनों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ सके.

शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति-स्कूल के प्राचार्य सनत व्यास ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के अधिकारी कर्मचारियों ने सामाजिक दायित्व के तहत इस नवाचार को मूर्त रूप देते हुए उज्जैन के 6 शासकीय कन्या विद्यालयों का चयन किया है, जिनमें आधुनिक डिजिटल कक्षाओं की व्यवस्था की जा रही है. शिक्षा के क्षेत्र में यह डिजिटल क्रांति है.

स्मार्ट क्लास का उद्घाटन आज 2 बजे -इसी क्रम में उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विजयराजे कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फ्रीगंज घास मंडी क्षेत्र में शनिवार को दोपहर 2 बजे स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम का शुभारंभ किया जाएगा. कार्यक्रम में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौर, विद्यालय प्राचार्य सनत कुमार व्यास तथा एचडीएफसी बैंक के अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

600 से अधिक छात्राओं को मिलेगा लाभ-विद्यालय में 9 वीं से 12वीं तक अध्ययनरत 600 से अधिक बच्चियों को अब डिजिटल माध्यम से पढ़ाई का लाभ मिल सकेगा. परंपरागत पद्धति के साथ-साथ डिजिटल बोर्ड, हाई-टेक स्क्रीन और स्मार्ट फर्नीचर से सुसज्जित ये कक्षाएँ छात्राओं को स्मार्ट वर्क की ओर प्रेरित करेंगी. सभी कक्षाओं को वाई-फाई सुविधा से लैस किया गया है, साथ ही डिजिटल बोर्डों को ऑपरेट करना भी छात्राएँ स्वयं सीख चुकी हैं. आवश्यकता पड़ने पर टेक्नीशियन की व्यवस्था भी की गई है.

स्लोगन और सुंदर चित्रावली- बैंक की ओर से सभी स्मार्ट क्लासेस में महापुरुषों के प्रेरक चित्र, आकर्षक पेंटिंग, मोटिवेशनल स्लोगन तथा उपयोगी शैक्षणिक कंटेंट वाले बोर्ड लगाए गए हैं. इससे कक्षाओं का वातावरण अधिक प्रेरणादायक और आधुनिक बन गया है. शिक्षकों का कहना है कि डिजिटल माध्यम से पढ़ाने में आनंद आ रहा है, वहीं छात्राएँ नई तकनीक को लेकर उत्साहित और रोमांचित हैं.

उज्जैन के छह विद्यालयों में शुरू हुआ कार्य

एचडीएफसी बैंक ने उज्जैन के जिन छह विद्यालयों का चयन किया है, उनमे गंगेड़ी कन्या विद्यालय,करोहन कन्या विद्यालय, महाराजवाड़ा ,एयरवास, फ्रीगंज स्थित विजयराजे कन्या विद्यालय सहित अन्य दो संस्थाएं भी शामिल हैं. इन सभी स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट डिजिटल क्लासेस तैयार की जा रही हैं, जिससे जिले की हजारों छात्राओं को आधुनिक शिक्षा का सीधा लाभ मिलेगा.

राप्रसे के 79 अफसर पदोन्नत

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 12 दिसंबर. राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को डिप्टी कलेक्टर से ज्वाइंट कलेक्टर और ज्वाइंट कलेक्टर से एडिशनल कलेक्टर के पद पर पदोन्नत करने के लिये शुक्रवार को सबेरे मंत्रालय में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई.

लगभग दो घंटे हुई बैठक में विचारण क्षेत्र में शामिल 125 अफसरों में से 79 अफसरों को पदोन्नत करने पर सहमति बन गई. वहीं 25 अफसरों का लिफाफा बंद हो गया है. डीपीसी मंत्रालय में सबेरे 9.15 बजे शुरू हुई जो कि प्रातः 11.15 बजे तक चली. अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग मनीष रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में भोपाल संभागायुक्त के अलावा आईएएस अफसरों में धनराजू एस और एम. सेलवेन्द्रम मौजूद थे. डीपीसी में वर्ष 2012 से लेकर 2016 बैच के अफसरों को अलग- अलग वेतनमान में पदोन्नत करने पर विचार किया गया. बताया जा रहा है कि सुपर टाइम स्केल के लिये एक अफसर के नाम पर विचार किया जाना था, लेकिन इस बार इस स्केल पर किसी को पदोन्नत नहीं किया जा सका.

पेज 1 का शेष

विकास के पथ पर अग्रसर एमपी

लेकिन अब केन-बेतवा, पार्वती-कालीसिंध और महाराष्ट्र के साथ रिचार्ज परियोजना अब साकार हो रही है. पानी के लिये तो दक्षिण के राज्यों में हिंसक घटनाएं तक हुई हैं, लेकिन मप्र ने पड़ोसी राज्यों के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में काम को आगे बढ़ाया. अब तो दो राज्यों के बीच की नदी जोड़ों परियोजना ही नहीं प्रदेश के भीतर भी गंभीर और खान नदी को जोड़ने की परियोजना आकार ले रही है. सीएम ने कहा कि पड़ोसी राज्यों के साथ बेहतर संबंध का ही नतीजा है कि नीमच में हाइड्रो स्टोरेज कैपेसिटी प्रोजेक्ट का काम महज दो वर्ष में पूरा हो रहा है, इस काम को पहले चार वर्ष में पूरा किया जाना था, यह इसलिये कि राजस्थान ने मप्र की मांग पर चंबल के पानी के नियंत्रित किया, जिससे प्रोजेक्ट के काम को तेज गति से करने में मदद मिली.

पूरे देश में सबसे सस्ती बिजली मप्र में -डॉ. यादव ने कहा कि पूरे देश में सबसे सस्ती बिजली मप्र में है. मप्र का रेट सबसे लोएस्ट है, इस पर सभी को आश्यर्च भी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण के लिये राज्य सरकार काम कर रही है. एक तरफ विक्रमादित्य जैसे महानाट्य का मंचन किया गया और विक्रमोत्सव मनाया गया, वहीं दूसरी तरफ श्रीकृष्ण पाथेय का भी काम चल रहा है. खुले में मांस-मदिरा के विक्रय को प्रतिबंधित किया है तो नशे के कारोबार पर भी कड़ी कार्रवाई की है. इस पर नियंत्रण के लिये समाज की भी बड़ी भूमिका है. एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर मवेशी नहीं आएं, इसके लिये बड़े गौशाला बनाने का काम जारी है. इसलिये हमने प्रति गौवंश के लिये राशि को 20 से बढ़ाकर 40 रुपये कर दिया है.

राप्रसे के 79 अफसर पदोन्नत

25 का लिफाफा बंद

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 12 दिसंबर. राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को डिप्टी कलेक्टर से ज्वाइंट कलेक्टर और ज्वाइंट कलेक्टर से एडिशनल कलेक्टर के पद पर पदोन्नत करने के लिये शुक्रवार को सबेरे मंत्रालय में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई.

लगभग दो घंटे हुई बैठक में विचारण क्षेत्र में शामिल 125 अफसरों में से 79 अफसरों को पदोन्नत करने पर सहमति बन गई. वहीं 25 अफसरों का लिफाफा बंद हो गया है. डीपीसी मंत्रालय में सबेरे 9.15 बजे शुरू हुई जो कि प्रातः 11.15 बजे तक चली. अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग मनीष रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में भोपाल संभागायुक्त के अलावा आईएएस अफसरों में धनराजू एस और एम. सेलवेन्द्रम मौजूद थे. डीपीसी में वर्ष 2012 से लेकर 2016 बैच के अफसरों को अलग- अलग वेतनमान में पदोन्नत करने पर विचार किया गया.

बताया जा रहा है कि सुपर टाइम स्केल के लिये एक अफसर के नाम पर विचार किया जाना था, लेकिन इस बार इस स्केल पर किसी को पदोन्नत नहीं किया जा सका. ज्वाइंट कलेक्टर से एडिशनल कलेक्टर के लिये विचारण क्षेत्र में 95 नाम थे, इनमें से 48 अफसरों को पदोन्नत करने पर सहमति बनी, वहीं सीनियर स्केल के लिये 19 दावेदारों में से 12 को ही पदोन्नत किया गया.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60